कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून

Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand
Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- http:/govt.ua.nic.in/pwd E-Mail-eicpwduk@nic.in

पत्रांक– 761 /34व्यक–स्थाना0–सा0/2022 दिनांकः– 25/05/2022

–:कार्यालय ज्ञापः–

इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–670/34व्यक–स्थाना0–सा0/2022 दिनांक–07.05.2022 द्वारा स्थानान्तरण सत्र 2022–23 हेतु समितियों का गठन किया गया है। जिसके कम में इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–699/34व्यक–स्थाना0–सा0/2022 दिनांक–11.05.2022 द्वारा प्रस्तुत पात्रता सूची एवं सम्भावित रिक्तियों का विवरण विभागीय वेबसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी को नामित किया गया है। तदोपरान्त इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या–713/34व्यक–स्थाना0–सा0/2022 दिनांक–13.05.2022 के द्वारा समूह–'क', 'ख' एवं 'ग' के प्रत्येक संवर्ग के कार्मिकों के सुगम/दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु, पात्र कार्मिकों की सूची तथा उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की सूची लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट पर अपलोड किये जाने के आदेश पारित किये गये थे।

उक्त प्रकाशित विवरण पर कतिपय कार्मिकों एवम् कार्यालयाध्यक्ष के द्वारा आपत्तिया उपलब्ध करायी गयी। जिसके कम में इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–748/34व्यक–स्थाना0–सा0/2021 दिनांक–20.05.2022 द्वारा सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों के अनुरोध पर इस कार्यालय स्तर से डाटा अनलॉक किये जाने के उपरान्त सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों द्वारा डाटा संशोधन किया गया, तथा संशोधित पात्रता सूचियों एवं संशोधित रिक्तियों का विवरण वेबसाइट पर दिनांक–25.05.2022 तक अपलोड किये जाने के आदेश पारित किये गये है। पूर्व में इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–713 दिनांक–13.05.2022 के द्वारा अपलोड की गई पात्रता सूची एवं रिक्तियों के विवरण में जिन संवर्गो की पात्रता सूची एवं रिक्तियों में संशोधन हुआ है। उनकी संशोधित पात्रता सूची एवं रिक्तियों का विवरण इस हेतु गठित समितियों द्वारा उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने के आदेश एतद्द्वारा पारित किये जाते है।

अतः उपरोक्तानुसार अपलोड की जा रही संशोधित पात्रता सूची तथा संशोधित सम्भावित रिक्तियों का भी संज्ञान लेते हुये इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–746/34व्यक–स्थाना0–सा0/2021 दिनांक–20.05.2022 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अनुरोध पत्र/विकल्प की सूचना निर्धारित प्रारूप में समस्त कार्यालयाध्यक्ष अन्तिम तिथि दिनांक–15.06.2022 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ह0

(उपेन्द्र सिंह रावत)
वरिष्ठ स्टॉफ आफिसर (अधिष्ठान)

01. **प्रतिलिपिः–** प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
02. **प्रतिलिपिः–** प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. **प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून के संज्ञानार्थ प्रेषित।
04. **प्रतिलिपि** निम्नलिखित को इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–713 दिनांक–13.05.2022 एवं ज्ञापसंख्या– 746 दिनांक–20.05.2022 के कम में अनुरोध पत्र/विकल्प की सूचना निर्धारित प्रारूप पर तथा संशोधित पात्रता सूची एवं संशोधित सम्भावित रिक्तियों की सूची विभागीय वेवसाइट पर अपलोड करते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

(i) समस्त मुख्य अभियन्ता, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग।
(ii) समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग।
(iii) अधिशासी अभियन्ता (अधिष्ठान–प्रथम/तृतीय), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।
(iv) समस्त अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग।

(v) **अधिशासी अभियन्ता, (आई0टी0), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषितहै कि लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत प्रत्येक संवर्ग के कार्मिकों के सुगम/दुर्गम क्षेत्र के कार्यस्थल स्थानान्तरण हेतु संशोधित पात्रता सूची तथा उपलब्ध संशोधित सम्भावित रिक्तियों की सूची लोक निर्माण विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर व्यापक प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें (संलग्न सूची)।**

(vi) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

(vii) प्रशासनिक/वरिठ/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी–व्यवस्थापन–क/ख/ग/घ एवं कार्य प्रभारित वर्ग, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने–अपने वर्ग से सम्बन्धित सूची आई0टी0 वर्ग में सम्यक अपलोड कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(viii) गार्ड पत्रावली हेतु।

25/5/2022

वरिष्ठ स्टॉफ आफिसर (अधिष्ठान)

25.05.22